प्रादेशिक समाचार
मुख्य समाचार

दिनांकः 02.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में आज से सहकार सदस्यता अभियान शुरू–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन।

- देश के एक लाख जनजातीय बहुल गांव और टोलों में आज विशेष ग्राम सभा का आयोजन–जनजातीय ग्राम विजन–2030 घोषणा पत्र का अनुमोदन होगा।

- देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है।

- प्रदेशभर में विजय दशमी का पर्व आज आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है–कोटा में होगा प्रदेश का सबसे बडा रावण दहन।

00000

प्रदेश में सहकारी क्षेत्रों को मजबूत बनाने के लिए आज से सहकार सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करना है। अभियान के तहत राज्य में 8 हजार 200 से अधिक पैक्स स्तर पर शिविर आयोजित किये जायेंगे, जिनमें मुख्य रूप से पांच प्रकार की गतिविधियां होंगी। इस दौरान महिलाओं और युवाओं को सहकारी समितियों से जोड़ने पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। साथ ही, नये पैक्स के गठन के लिए प्रस्ताव और सदस्यता राशि प्राप्त कर स्वीकृति जारी करना, भूमिविहीन पैक्स में गोदामों के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही जैसे कार्य भी अभियान के तहत होंगे। इसके अलावा प्रस्तावित नये सहकारी कानून के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी जनसाधारण को दी जायेगी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लम्बित आवेदनों की ई–केवाईसी और आधार सीडिंग के कार्य भी अभियान के तहत किए जाएंगे। जिलों के प्रभारी अधिकारियों को इस अभियान की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

0000

देश के एक लाख जनजातीय बहुल गांव और टोलों में आज विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा में जनजातीय समुदाय औपचारिक रूप से जनजातीय ग्राम विजन–2030 घोषणा पत्र का अनुमोदन करेंगे। इसका उद्देश्य आदि सेवा पर्व कार्यक्रम के माध्यम से उत्तरदायी शासन, सामुदायिक भागीदारी और युवा नेतृत्व पर बल देना है। यह कदम जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत है। आदि कर्मयोगी अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनजातीय नेतृत्व कार्यक्रम है जिसमें देश के तीस राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों के ग्यारह करोड़ नागरिक शामिल हैं। सरकार ने पिछले वर्ष 15 नवम्बर से इस वर्ष 15 नवम्बर तक की अवधि को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया है।

00000

केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के विपणन सत्र के लिए सभी रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कल यह निर्णय लिया। सबसे अधिक वृद्धि कुसुम फलों पर की गई है। कुसुम के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल छह सौ रुपये और मसूर दाल पर प्रति क्वटिंल तीन सौ रुपये की बढोत्तरी की गई है। सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य ढाई सौ रुपये प्रति क्विंटल, चना का दो सौ पचीस रुपये, जौ का एक सौ सत्तर रुपये और गेंहू का एक सौ साठ रुपये प्रति क्विंटल बढाया गया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि संशोधित न्यूनतम समर्थन मूल्य से न सिर्फ किसानों को लाभ होगा बलकि फसल विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे देश की कृषि अर्थव्यवस्था अधिक समायोजी बनेगी।

......

मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत वृद्धि की मंजूरी भी दी है। इससे 49 लाख बीस हजार केन्द्रीय कर्मचारियों और 68 लाख सत्तर हजार पेंशनयाफ्ता लोगों को फायदा होगा। यह वृद्धि इस वर्ष पहली जुलाई से लागू होगी।

00000

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। दिल्ली में राजघाट पर बापू की समाधि पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज सुबह महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष–2007 के जून महीने में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पूरे विश्व में शांति और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए अहिंसा दिवस मनाने का प्रस्ताव मंजूर किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए देशवासियों से सत्य और अहिंसा का पथ अपनाने और देश की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया। आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री ने भी गांधी जयंती और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। जयपुर के गांधी सर्किल स्थित गांधी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पुष्पाजंलि अर्पित की। इसके बाद श्री शर्मा सचिवालय पंहुचे, जहां पर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सर्व धर्म प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया।

0000

प्रदेशभर में विजय दशमी का पर्व आज आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दशहरे के पर्व पर शुभकानाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि दशहरे का उत्सव अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक है तथा सत्य और न्याय का पथ अपनाने की प्रेरणा देता है। दशहरे को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किये गये है। राजधानी जयपुर में जगह–जगह होने वाले रावण दहन को देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। हनुमानगढ़ में रावण दहन से पहले भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में झांकियों सहित भजन मंडली और सांस्कृतिक दल भी शामिल होंगे। कोटा के दशहरा मैदान में प्रदेश के सबसे बडे 215 फीट के रावण का दहन किया जायेगा। रावण दहन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

......

प्रदेशभर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर जगह–जगह पथ संचलन निकाला जा रहा है। पथ संचलन में स्वयं सेवक गणवेश में बढचढकर भाग ले रहे है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष समारोह और विजयदशमी कार्यक्रम आज सुबह नागपुर के रेशमबाग में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

00000

प्रदेशभर में आज से 71वां वन्यजीव संरक्षण सप्ताह शुरू हो रहा है। इसका शुभारम्भ मुख्य वन संरक्षक डॉ. टी. मोहनराज जयपुर स्थित नाहरगढ़ जैविक उद्यान में करेंगे। इस अवसर पर वन्यजीव संरक्षण जागरूकता रैली भी निकाली जायेगी। जयपुर के उपवन संरक्षक विजयपाल सिंह ने बताया कि सप्ताह के दौरान जयपुर प्रादेशिक क्षेत्र के झालाना, आमागढ़, हाथी गांव और जयपुर चिड़ियाघर में "स्वच्छ एवं हरित अभयारण्य अभियान" चलाया जाएगा तथा मृत वन्यजीवों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रमों में विद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं सक्रिय भागीदारी करेंगे। जैसलमेर में अभियान के तहत आज सुबह प्रभात फैरी निकालकर वन्य जीव संरक्षण का संदेश दिया गया। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगो को वन्य जीव उद्यानों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया।

00000